भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2138
12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र

†2138. सुश्री एस. जोतिमणिः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में अब तक वर्तमान में कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), उप-स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) और आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों की तमिलनाडु के करूर जिले सहित राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) देश के सभी केंद्रों में स्वास्थ्य से जुड़े पेशेवर पदों में रिक्तियों की राज्यवार संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार का देश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों में चिकित्सा उपकरणों की कमी का निर्धारण करने के लिए कोई निगरानी तंत्र है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन प्रणाली (एचएमआईएस) ने 2019-20 से जिला स्तर पर सीएचसी और पीएचसी के मुख्य प्रदर्शन संकेतकों का विश्लेषण करने वाली कोई रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है, यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): तमिलनाडु सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों का विवरण, उपलब्ध संसाधनों की जानकारी, साथ ही डॉक्टरों, विशेषज्ञों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों का विवरण और देश भर के सरकारी अस्पतालों में उनकी रिक्तियों की जानकारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे भारत के स्वास्थ्य गतिशीलता (एचडीआई) 2022-23 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों के अंतर्गत एक ओपन-सोर्स टूलकिट और डैशबोर्ड लॉन्च किया है। आईपीएचएस डैशबोर्ड एक अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे आईपीएचएस 2022 मानकों के साथ जन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के अनुपालन की निगरानी के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये उपकरण राज्यों को कमियों की पहचान करने और आवश्यक मानकों को प्राप्त करने के लिए लक्षित सहायता प्राप्त करने में मदद करते हैं।

एचएमआईएस पोर्टल राज्य, जिला और उससे निम्न स्तरों के लिए वास्तविक रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम बनाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित हितधारक एचएमआईएस से जिला स्तरीय रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के प्रमुख निष्पादन संकेतकों का विश्लेषण कर सकते हैं।

*****